हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 जनवरी 2024

10 हुडिना में पेयजलापूर्ति के लिए बोर करने का कार्य शुरू


10 उम्मीदें: विकास के पंख लगाकर उड़ाने भरने को तैयार महेंद्रगढ़


### ट्रस्ट के सदस्य 250 कुक को बांटेंगे सम्मान किट: संजय शर्मा

# मिड-डे-मील वर्कर्स का सम्मान माता यशोदा के सम्मान के सामान: राज्यमंत्री

**प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के 18वें मिड-डे-मिल वर्कर सम्मान समारोह का शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। मिड-डे-मील वर्कर को सम्मानित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव।

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से रविवार को यादव धर्मशाला में 18वें मिड-डे-मील वर्कर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ट्रस्टी अमित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद राकेश शर्मा, शिक्षक नरोतम सोनी, युवा सेवक संघ के सचिव दीपक शांडिल्य थे। इस अवसर पर राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि जरूरतमंद को जरूरत की वस्तु मुहैया करवाना ही सच्ची सेवा है। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने यह कार्यक्रम आयोजित कर सराहनीय कार्य किया है। अन्य लोगों को भी ऐसे कार्यक्रमों के लिए आगे आना चाहिए। राजकीय विद्यालयों में कार्यरत इन मिड-डे-मील का सम्मान करना वास्तव में इंसानियत का सम्मान करना है। ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि खाना पकाने वाली इन महिलाओं के सम्मान का यह अनूठा कार्यक्रम प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट गत 17 वषार्ें से अनवरत करता आ रहा है। जिसमें प्रतिवर्ष 250 से अधिक महिलाओं को शॉल, स्वेटर, जूते-जुराब प्रदान कर उनको यह सम्मान प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य सम्मान के साथ सेवा करना रहता है। विशिष्ट अतिथि राकेश शर्मा व दीपक शांडिल्य ने कहा कि सम्मान के साथ सेवा का यह अनोखा कार्यक्रम पूरे देश का पहला कार्यक्रम है, जहां राजकीय विद्यालयों में सबसे निचले स्तर पर कार्यरत कर्मचारी को उसकी कार्यकुशलता के लिए सराहा जाता है। ट्रस्टी डा. जितेन्द्र भारद्वाज व भीमसेन शर्मा ने कहा कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के सदस्य अपने शिक्षक होने की सार्थकता को सिद्ध कर रहे है।

**मिड-डे-मील वर्कर्स को बांटेंगे सम्मान किट**

कार्यक्रम की रूपरेखा सांझा करते हुए अध्यक्ष संजय शर्मा, ट्रस्टी नरोतम सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की योजना में नया बदलाव किया गया है। कार्यक्रम में मिड-डे-मिल वर्कर की संख्या उतनी ही रहेगी, लेकिन आयोजन क्लस्टर लेवल पर किया जाएगा। जिसमें विभिन कलस्टर पर मिड-डे-मील वर्कर को एकत्र कर उन्हें वहीं सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग खंड पर अलग-अलग दिन आयोजन कर यह समारोह रखा गया है। कार्यक्रम को विभिन टुकड़ों में रखने के पीछे ट्रस्ट की ओर से यह तर्क रखा गया है कि दूर-दूर से आने वाली महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। आज राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने अपने हाथों से इस कार्य का शुभारंभ करते हुए ट्रस्ट की तरफ से तैयार सम्मान किट जारी किए। इस किट में प्रत्येक कुक के लिए एक स्वेटर, एक शॉल, एक जोड़ी जूते व जुराबे रहेंगी। ट्रस्ट के सदस्य अब इस सामग्री को चयनित स्कूलों में मिड-डे-मील वर्कर्स तक पहुंचाएंगे।

## पोटाश वाला पटाखा छाती में लगने से नवयुवक की मौत

**नारनौल।** कनीना खंड के गांव कोका में एक नवयुवक की पोटाश वाला पटाखा चलाते वक्त छाती में चोट लगने से मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम नागरिक अस्पताल से कराने उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी मुताबिक राजस्थान के जिला झुंझनू के गांव पचेरी (रामेश्वर) निवासी करीब 21 वर्षीय नवयुवक अजीत सिंह पिछले कुछ दिनों से कनीना खंड के गांव कोका में रह रहा था और वह यहीं पर रहकर किसानों की रबी फसलें पशुओं/जानवरों से बचाने के लिए पोटाश वाले पटाखे चलाता था, जिनका धमाका सुनकर जानवर खासकर नीलगाय भाग जाती थी और फसलों को नुकसान नहीं कर पाती थी। चोट लगने उपरांत अजीत ने अपने परिजनों को फोन किया और वह महेंद्रगढ़ अस्पताल पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया।


अजीत का फाइल फोटो।







# राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित


नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

भारती जिम, उड़ान जन सेवा ट्रस्ट एवं युवा साथी ग्रुप हरियाणा के संयुक्त प्रयासों से युवा साथी ग्रुप हरियाणा के चौथे स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता यादव धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें हरियाणा स्टेट के लगभग 180 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर भारती जिम संचालक रवि भारती ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 40 से 50 किलोग्राम कैटेगरी में अभिषेक महेंद्रगढ़ प्रथम, विनय नारनौल द्वितीय व सुमित तृतीय स्थान पर रहा। वहीं 50 से 60 की कैटेगरी में रविंद्र कुमार प्रथम, सचिन सैनी नारनौल द्वितीय व विकास तृतीय स्थान पर रहा। इसके अलावा 60 से 70 की कैटेगरी में विश्वजीत कनीना प्रथम, विकास दहिया द्वितीय, राइस सैनी महेंद्रगढ़ तृतीय स्थान पर रहा, जबकि 70 से 80 किलोग्राम कैटेगरी में धर्मेंद्र भारती जिम नारनौल प्रथम, अरविंद द्वितीय, राकेश सैनी तृतीय, 80 से 90 किलोग्राम कैटेगरी में सचिन डिगवा लोहारू प्रथम, मेहराम यादव गुड़गांव द्वितीय, कपिल सैनी नारनौल तृतीय स्थान पर रहा। 90 किलोग्राम प्लस कैटेगरी में अंकित प्रथम, कुलदीप भारती जिम नारनौल द्वितीय स्थान पर रहे।






## खबर संक्षेप

### राधा-कृष्ण संगठन ने निकाली प्रभात फेरी

**नारनौल।** राधा-कृष्ण प्रभात फेरी संगठन ने रविवार को 50वीं प्रभात फेरी गोल्डन जुबली के रूप में दुर्गा माता मंदिर मोहल्ला देवस्थान से निकाली। संगठन की ओर से निकाली गई प्रभात फेरी पालकी में राधे कृष्ण की यात्रा, आगे ध्वजा लेकर चल रहे भक्तजनों की भारी भीड़ रही।

### सामाजिक संस्था ने छात्रों को बांटी स्वेटर व यूनिफॉर्म

**नारनौल।** सिहमा ब्लॉक के गांव सिलारपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में धर्मा सामाजिक संस्था की ओर से शनिवार को बच्चों को स्वेटर व यूनिफॉर्म वितरित की गई। इस मौके पर पूर्व शिक्षाविद जगराम यादव, बाबा हेमादास गौशाला भोजावासा के प्रधान पवन यादव, प्राचार्य गुप्ता, पूर्व शिक्षाविद महावीर, रामकुमार बोहरा आदि थे।

### 2023 का विदाई समारोह व नव वर्ष का किया स्वागत

**महेंद्रगढ़।** बाबा भगवान दास जन जागरण फाउंडेशन के मुख्यालय में वर्ष 2023 का विदाई समारोह एवं नव वर्ष 2024 के आगमन के अवसर पर जलपान एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

### कर्मठ शिक्षक के रूप में याद रखे जाएंगे बृजमोहन

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर से अंग्रेजी प्रवक्ता बृजमोहन वर्मा 28 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। विद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता संजय शर्मा ने बताया कि अंग्रेजी प्रवक्ता बृजमोहन वर्मा के पद से सेवानिवृत्ति होने पर विद्यालय में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

### भीलवाड़ा में सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**मंडी अटेली।** भीलवाड़ा में बूथ नंबर 190 पर 108वीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस दौरान जितेंद्र तोबड़िया ने जननायक जनता पार्टी एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने जेजेपी पार्टी को छोड़कर बीजेपी पार्टी ज्वाइन की।

### नई मंडी से निकाली गई राधे-रानी की प्रभातफेरी

**नारनौल।** प्रभातफेरी संगठन द्वारा रविवार सुबह नई मंडी से प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी के मुख्य यजमान शिवचरण व सौरव गोयल डरोलिया रहे, जिन्होंने सर्वप्रथम ठाकुरजी की पूजा अर्चना करवा प्रभातफेरी का शुभारंभ किया गया। प्रभातफेरी संगठन के संयोजक घनश्याम गर्ग के नेतृत्व में आयोजित गई।

### लेह-लद्दाख के हथकरघा उद्योग पर होगा शोध

**महेंद्रगढ़।** लेह-लद्दाख में उपलब्ध हथकरघा उद्योग अपने उत्पादों के लिए देश-विदेश में एक अलग पहचान रखता है। बावजूद इसके पिछले कुछ दशकों में आवश्यक बदलावों के परिणाम स्वरूप इस उद्योग के सतत विकास की दिशा में सुधार की आवश्यकता है। तेजी से बदलते बाजार और उसकी आवश्यकताओं को देखते हुए हेंकेवि के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग इस उद्योग के विकास हेतु विशेष शोध कार्य किया जाएगा।

# हुडिना में पेयजलापूर्ति के लिए बोर करने का कार्य शुरू, ग्रामीणों ने जताया डिप्टी सीएम का आभार

- अभी मोहनपुर (मोहम्मदपुर हमीद खां) में भी बोर होने की जगी आस, जनवरी माह में मिलेगा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

गांव हुडिना व मोहनपुर (मोहम्मदपुर हमीद खां) में पेयलापूर्ति के लिए 42.54 लाख की मंजूरी उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सितम्बर माह में मंजूर करवाई थी। इसके बाद अब शनिवार को गांव हुडिना में ग्रामीणों की पेयजल आपूर्ति के लिए नए बोर का कार्य आरंभ कर दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने नारियल फोड़ा और फिर गुड़ बांटकर नए बोर के कार्य की शुरूआती की। वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार जताया है। उम्मीद है कि जनवरी माह में गांव मोहनपुर (मोहम्मदपुर हमीद खां) में भी नए बोर का कार्य शुरू हो जाएगा। जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि मोहनपुर एवं हुडीना गांव में काफी समय से पीने के पानी की समस्या बनी हुई थी और ग्रामीण पेयजल समस्या को हल करवाने के लिए प्रयासरत थे। गांव में पेयजल संकट के कारण ग्रामीणों खासकर महिलाओं को बड़ी परेशानी हो रही थी और वह सिर पर बंटा-टोकणी एवं घड़े इत्यादि लेकर पीने का पानी दूर-दराज से लाने को मजबूर हो रही थी। घरद्वार पर ही पानी की आपूर्ति में अड़चन होने के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है और वह दर-दर भटकने को मजबूर हो रही थी। जब यह मामला उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पास पहुंचा तो उनके प्रयासों से राज्य सरकार ने इन पेयजलापूर्ति के लिए सितम्बर माह में बजट स्वीकृत कर दिया। जनस्वास्थ्य विभाग ने मोहनपुर गांव के लिए 21.30 लाख रुपये तथा हुडीना के लिए 21.24 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इन दोनों ही योजनाओं के हल होने पर ग्रामीणों को पेयजल घरद्वार पर उपलब्ध हो सकेगा तथा उनकी बहुत बड़ी समस्या हल हो सकेगी।



नारनौल। गांव हुडिना में नए बोर के शुभारंभ पर गुड़ बांटकर खुशी मनाते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### गांव हुडिना में बोर कार्य शुरू

इन पेयजल योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने पर के बाद शनिवार गांव हुडिना में बोर कार्य शुरू हो गया। इस दौरान सरपंच जसवंत यादव, नंबरदार नौरंगलाल, पूर्व सरपंच बलबीर, नंबरदार राधेश्याम, पंच संजय, पंच कृष्ण कुमार, सुरेश, सूबेदार बिशम्बर, कृष्ण कुमार, सूबेसाहब, रामनिवास, रामशरन, रामकुमार, जगदीश, बिल्लू, दलीप, गुलाबसिंह, परमजीत, आकाश, रिंकू, दिनेश, राजबीर, अंकित, योगेश, नवीन, सत्यपाल व संदीप आदि ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार प्रकट किया है। यह पेयजल योजनाएं स्वीकृत होने पर जेजेपी जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि गठबंधन सरकार जनहित में बहुत सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पेयजल समस्या हल करवाने के लिए मोहनपुर तथा हुडीना के ग्रामीण डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जब यहां दौरे पर आए थे, तब उनसे मुलाकात की थी और उनसे पेयजल समस्या हल करवाने की गुहार लगाई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम ने दोनों गांवों की पेयजल योजनाओं को मंजूर करवा दिया।

## जिला औद्योगिक क्षेत्र की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा

# उम्मीदें: विकास के नए पंख लगाकर इस साल ऊंची उड़ाने भरने को तैयार है महेंद्रगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नववर्ष 2024 से जिलावासियों को बहुत ही उम्मीदें हैं। सबसे बड़ी उम्मीद कोरियावास में बनाए जा रहे मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से है, जिसके इस साल चालू होने की पूरी संभावनाए हैं। इसके साथ ही जिला औद्योगिक क्षेत्र की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा है। सड़कों का नया जाल लगभग तैयार है तथा नारनौल-महेंद्रगढ़-दादरी सड़क मार्ग भी अब इस साल नया बनकर तैयार हो जाएगा। इससे लोगों की मुश्किलें कम होंगी तथा उन्हें बेहतर जीवन मिल सकेगा।

**कोरियावास मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल:** शहर से लगभग पांच किलोमीटर दूर कोरियावास में बनाया जा रहा राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य लगभग 95 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है और शेष कार्य नए साल में मई माह तक पूरे कर लिए जाने की प्रबल संभावना है। अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज का भवन लगभग पूर्ण हो चुके हैं तथा इनमें इन्फ्रास्ट्रेक्चर लगना शेष है। इसका निर्माण आहलुवालिया नामक मल्टी नेशनल कंपनी कर रही है, जिसे अब कुछ अप्रूवल का इंतजार है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर रमेश कुमार राणा ने बताया कि कॉलेज एवं अस्पताल के भवन बनकर लगभग तैयार हैं। इनमें थोड़ा बहुत कार्य बचा हुआ है, जिसकी अनुमति एवं बजट मांगा गया है। जितना जल्दी बजट मिल जाएगा, उतनी ही तेजी से अधूरे निर्माण को पूरा कर लिया जाएगा।



नारनौल। कोरियावास में बनाया गया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल। फोटो: हरिभूमि

### आईएमटी खुडाना को भी है इंतजार

प्रदेश के सीएम मनोहरलाल महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गांव खुडाना में आईएमटी की नींव रख चुके हैं और इसके लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य एसडीएम स्तर पर चल रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जिला महेंद्रगढ़ अब इंडस्ट्रीज स्थापना की दिशा में आगे बढ़ रहा है और नए साल में इनकी स्थापना होने की पूरी संभावना रहेगी।

### दादरी स्टेट हाईवे बनकर होगा तैयार

वैसे तो जिला महेंद्रगढ़ में सड़कों का कायाकल्प पहले ही चुका है। जहां पहले सिंगल रोड को भी लोग तरसते थे, वहां पर अब सिक्स लेन रोड यानि नेशनल हाईवे भी गुजरते हैं और आवागमन सुगम एवं सरल हुआ है। इसी दिशा में मांदी (नारनौल) की कृष्णावती नदी से महेंद्रगढ़ होते हुए दादरी तक फोरलेन रोड तैयार किया जा रहा है। इस साल यह सड़क भी पूर्णतया तैयार होकर मिल जाएगी। इसका अधिकांश काम हो चुका है, लेकिन इसमें मेडिकल कॉलेज एवं सिंघाना रोड के पुल, नांगल सिरोही का बाईपास तथा महेंद्रगढ़ का रेलवे ओवरब्रिज अभी बनाए जाने शेष हैं, जिनके नए साल में पूरे होने की प्रबल संभावना है।

### औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ रहे कदम

महेंद्रगढ़ जिला विकास की दृष्टि से अब तक पिछड़ा ही हुआ है। इसका मूल कारण आजादी से अब तक यहां पर एक भी इंडस्ट्री का नहीं लगना है। मगर अब नए वर्ष में यह सूखा खत्म होता नजर आ रहा है। सरकार निजामपुर क्षेत्र में पहले ही लॉजिस्टिक हब मंजूर कर चुकी है और उसके लिए जमीन अधिग्रहण करने उपरांत सड़कें एवं बिजली लाइनें तैयार की जा चुकी हैं। इसमें कुछ किसानों को लेकर पेंच फंसा हुआ है और संभावना है कि इस साल उनका नतीजा भी आ जाएगा। जिसके उपरांत यह लॉजिस्टिक हब चालू हो सकेगा। इस लॉजिस्टिक हब के अलावा घाटासेर क्षेत्र में ही प्रदेश सरकार एक नया इंडस्ट्रीयल पार्क भी स्वीकृत कर चुकी है, जिसके लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। यह इंडस्ट्रीय पार्क केवल घाटासेर नहीं, बल्कि नारनौल विधानसभा के गांव कुतबापुर क्षेत्र में भी बनाया जाना है, जिसके लिए जमीन अधिग्रहण की तैयारी चल रही है। यह सभी उद्योग धंधों की स्थापना के लिए तैयार किए जा रहे हैं। इस साल इनके चालू होने की संभावना है, जिससे यहा का न केवल उद्योग-धंधों का पिछड़ापन खत्म होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### बिजली क्षेत्र में 24 घंटे की तरफ बढ़ रहा पूरा जिला

बिजली क्षेत्र में भी जिला महेंद्रगढ़ में खूब तरक्की हुई है। अब शहर ही नहीं, जिला के अधिकांश गांव भी 16 से 24 घंटे की बिजली आपूर्ति से जुड़ गए हैं। करीब दो दर्जन गांव केवल महेंद्रगढ़ सब डिविजन के बचे हुए हैं, जिनमें म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत तेजी से काम चल रहा है। यहां के पॉवर हाउसों की क्षमता पहले ही बढ़ाई जा चुकी है और नए साल में भी बिजली क्षेत्र में और सुधार होता नजर आएगा।

### जल क्षेत्र में भी हो रहा सुधार

राजस्थान जैसी भौगोलिक पृष्ठभूमि वाला यह जिला वैसे तो सूखाग्रस्त माना जाता है, लेकिन नहरी पानी आने से इसमें काफी सुधार होता नजर आ रहा है। नहरों की पेयजलापूर्ति बढ़ी है और नए साल में पानी की क्षमता बढ़ाने के लिए नए डैम तैयार किए जा रहे हैं, वहीं जनस्वास्थ्य विभाग भी नए वाटर टैंकों का निर्माण करवा रहा है। अब पहले जैसी स्थिति नहीं रही कि लोग पीने के पानी के लिए रोड जाम करने को मजबूतर हो जाएं।

**बड़ी उम्मीदें:** कुल मिलाकर देखा जाए तो नए साल से जिलावासियों को बड़ी उम्मीदें हैं। बस शिक्षा का क्षेत्र ही ऐसा है, जिसमें सरकार की कड़ी कमजोर नजर आती है। अन्यथा जिले में प्राइवेट स्कूल बुलंदियों का सिक्का जमाए हुए हैं। यदि इस क्षेत्र में भी सरकार की कड़ी मजबूत हो जाए तो फिर जिला महेंद्रगढ़ सुविधाओं ही नहीं, सुख-शांति के लिहाज से भी बेहतरीन जिलों में अग्रणी स्थान बनाने में कामयाब रहेगा।

**चिकित्सा क्षेत्र में दौड़ लगाने की तैयारी:** इस साल जिला महेंद्रगढ़ चिकित्सा के क्षेत्र में दौड़ लगाता नजर आएगा। नागरिक अस्पताल में जहां ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग बनकर तैयार है, उसकी बगल में ही सात मंजिला 200 बैड का नया अस्पताल भवन भी तैयार किया जा रहा है। इतना ही नहीं, प्रदेश सरकार इस अस्पताल के लिए 100 बैड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने को भी तैयार है। ऐसे में नए साल में चिकित्सा क्षेत्र में तीव्र गति से तरक्की होती दिखेगी। आधुनिक सुविधाओं युक्त न केवल नए लैब मिलेंगे, बल्कि स्पेशलिस्ट डाक्टरों की भी तैनाती होगी, जिनसे इलाके की जनता को बड़ा फायदा होने वाला है।




नारनौल। यादव कल्याण सभा भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को संबोधित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो: हरिभूमि

# भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में 7 के समारोह को लेकर सौंपी जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आगामी सात जनवरी को प्रस्तावित सब्जी मंडी महेंद्रगढ़ में सम्मान समारोह को लेकर नारनौल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक यादव कल्याण सभा में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने की, जबकि बैठक में रैली के आयोजक पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आगामी सात जनवरी को प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ एवं केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य एवं पूर्व सांसद डा. सुधा यादव का सम्मान समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाए। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों मे हुई भाजपा की जीत के बाद कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहरलाल की डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रोग्रामबिलास शर्मा ने कहा कि सात जनवरी को आयोजित सम्मान समारोह जिला में तीनों पदाधिकारियों का पहला है। यह लोकसभा चुनाव का आगाज है। नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासन और मनोहरलाल के 9 साल के शासन में किए गए विकास कायार्ें के बलबूते पर प्रदेश में भाजपा सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। साथ ही प्रदेश में भी तीसरी बार सरकार आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को राम मंदिर का अनमोल तोहफा दिया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि चारों विस क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचेंगे।

### ओमप्रकाश यादव हुए सम्मानित

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रो. रामबिलास शर्मा ने प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुलदस्ता भेंट करने के साथ शॉल ओढ़ाते हुए 500 रुपये शगुन देकर सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरको बैंक के पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज, सत्यव्रत शास्त्री, प्रदेश सचिव मनीष मित्तल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट, शिवकुमार महता, मौसम शर्मा, सरला यादव, सरोज शर्मा, माया सैनी पूर्व सरपंच निवाजनगर, सुमेर चेयरमैनए पूर्व खनन अधिकारी वासुदेव यादव, मेजर ईश्वर सिंह, मदनलाल गोगिया, बहादुरसिंह सरपंच खोड़मा, राजकुमार पूर्व सरपंच नांगलकाठा, कालू टांडू, प्रभातीलाल बोहरा बड़गांव, विनोद कुमार पूर्व सरपंच नांगतिहाड़ी, बलजीत पूर्व सरपंच, योगेश त्यागी, अमित भारद्वाज पाली सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राव बहादुर सिंह ने विभिन्न गांवों का दौरा कर दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने दर्जनभर गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को यदुवंशी द्वारा आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम का निमंत्रण प्रदान किया। उन्होंने रविवार को हल्का सूरजगढ़ (राजस्थान) के गांव सोहली, कुशालपुरा, घसेड़ा, सागवा, खांदवा, झांझा, हंसास, बुहाना, मानपुरा, कलाखरी, सागा, पुहानिया तथा चितौसा जाकर विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया। राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह सम्मान समारोह यदुवंशी की अपनी परम्परा रही है। पहले भी एक वर्ष के अंदर यदुवंशी के चार बड़े कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं, जिनमें भी इस सम्मान समारोह परम्परा का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ में सबसे पहले यदुवंशी की स्थापना कर शिक्षा की अलख जगाई और अब यह क्षेत्र शिक्षा का हब बन चुका है और अब इच्छा समाज के कल्याणकारी कार्यों के माध्यम से आगे बढ़कर लोगों की सेवा करना है। लोगों ने विश्वास दिलाया कि 14 जनवरी मकर संक्रांति पर यदुवंशी शिक्षा निकेतन का जो भव्य समारोह नई अनाज मंडी चरखी दादरी में होगा।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को निमंत्रण देते पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह।



नारनौल। शिविर में जांच करवाते हुए लोग। फोटो: हरिभूमि

### आदर्श हाई स्कूल में लगाया निःशुल्क जांच शिविर

**नारनौल।** मोहल्ला चौधरीयान स्थित आदर्श हाई स्कूल में रविवार को न्यूरो स्पाइन फिजियोथेरेपी अस्पताल के सहयोग से डा. अशोक मीणा के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। मंच संचालन विद्यालय मुख्याध्यापक दिनेश शर्मा ने किया। विद्यालय सचिव सुरेन्द्र संघी एडवोकेट ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि डा. वीपी सिंह यादव अध्यक्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी थे। अध्यक्षता शहर के प्रमुख समाजसेवी नेमीचंद जैन ने की। विशिष्ट अतिथि राजकुमार यादव एडवोकेट व रविन्द्र सिंह मटरू थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शरीर में चोट आदि के बाद कई प्रकार के दर्द में फिजियोथेरेपी अत्यंत कारगार है।

# नेताओं की खींचतान में तीन गांवों के लोग हो रहे परेशान

- गांव खैरोली के चौराहे पर करीब 9 माह से भरा है गंदा पानी, ग्राम पंचायत के कई बार प्रस्ताव देने के बाद भी नहीं हो रहा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव खैरोली के चौराहे पर करीब 9 माह से खंडे गंदे पानी के कारण तीन गांवों के 15 हजार लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत के बार-बार प्रस्ताव देने के बावजूद भी टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हो रही है। रविवार को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बलवान फौजी ने गांव का दौरा करके ग्रामीणों को जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। वहीं मौके पर जिला प्रमुख राकेश कुमार से फोन से बातचीत करके समास्या का जल्द समाधान कराने की बात कहीं। जिला प्रमुख ने जल्द टेंडर शुरू कराने का आश्वासन दिया। बलवान फौजी ने कहा कि गांव खैरोली के चौराहे पर खड़े पानी के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। वहीं गंदे पानी के कारण कई बीमारियां पनप रही हैं। कई लोग यहां गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके अलावा खैरोली से गांव निंबी व नांगल सिरोही जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत की ओर से कई बार विभाग को प्रस्ताव दिया जा चुका है, लेकिन नेताओं के श्रेय लेने की होड़ के चलते टेंडर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। इसके अलावा ग्रामीण जब अधिकारियों के पास समस्या का समाधान करने की मांग के लिए जाते है तो अधिकारी झूठा उन्हें आश्वासन देकर टाल देते हैं।



महेंद्रगढ़। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बलवान फौजी को समस्या से अवगत कराते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### आरआरसीएम स्कूल में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** कनीना स्थित आरआरसीएम पब्लिक स्कूल रविवार को अभिज्ञान द मेगा ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से 3317 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि यह परीक्षा आरआरसीएम पब्लिक स्कूल की सक्सेस जोन कोचिंग क्लासेज में प्रवेश के लिए आयोजित की गई। संस्था के चेयरमैन ने छात्रों को कहा कि सत्र 2024- 25 के लिए अभिज्ञान द मेगा ओलिंपियाड स्कॉलरशिप परीक्षा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें उचित शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध करवाना है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी भी अच्छे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने का अवसर प्राप्त कर सकें।

# राव सुल्तान सिंह स्कूल में पीटीएम आयोजित



महेंद्रगढ़। पीटीएम में भाग लेते शिक्षक और अभिभावक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव निम्बेहड़ा स्थित राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अभिभावक अध्यापक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव व प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया। निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा के बाद इस मीटिंग का आयोजन किया जाता है। हमने देखा है कि धीरे-धीरे लोगों के विचारों में बदलाव आया है। अब उनकी सोच रहती है कि हम जितने विद्यालय के संपर्क में साथ रहेंगे। उतना ही हमारे बच्चों का भविष्य निखरता जाएगा। क्योंकि इसके माध्यम से हम सभी मिलकर यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कौन से पक्ष की कमी कहां रह गई है। जिसकी कमी रहती है उसको यदि समय रहते सुधार लिया जाए तो कोई ताकत बच्चों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने से रोक नहीं सकती। इसलिए हम समय-समय पर इस प्रकार का आयोजन करते रहते हैं। हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे का पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास हो। यह काम आपका यह विद्यालय भली भांति कर रहा है। यदि आपका साथ इसी प्रकार से मिलता रहेगा तो हम दावे के साथ कह सकते हैं कि आपका बच्चा किसी से भी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा।

## अभिभावकों ने शिक्षकों से बच्चों की प्रगति के बारे में जाना

# टैगोर स्कूल में हुई अभिभावक-शिक्षक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के रेवाड़ी रोड स्थित टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित की गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि स्कूलों की दोनों पालियों के हिसाब से आयोजित बैठकों में जहां अभिभावकों ने शिक्षकों से बच्चों की प्रगति के बारे में जाना।

वहीं शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा के बारे में अवगत कराया व घर पर बच्चों का ध्यान रखने संबंधी सुझाव भी अभिभावकों को दिए। स्कूल की प्राचार्या डॉ. निशा यादव ने बताया कि बैठक में अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति, व्यवहार के प्रति उत्सुक नजर आए। इसके बाद अभिभावक स्कूलों में अलग-अलग विषयों के टीचरों से मिले और अपने बच्चों की पढ़ाई और दिसंबर परीक्षा का परिणाम के बारे में फीडबैक लिया। टीचर्स ने उन्हें बच्चों की पढ़ाई से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा की।

स्कूल में पढ़ रहे छात्रों से लेकर टीचरों और अभिभावकों के लिए यह नया अनुभव था। जबकि घर पर बच्चों को तीन घंटे न्यूनतम पढ़ाने की आदत विकसित करने व होमवर्क पूरा कराने में अभिभावकों की भूमिका के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा से पहले अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित करने का सीधा फायदा बच्चों को मिलेगा और उनके परीक्षा परिणाम में सुधार होगा। मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल यादव ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर वीरेंद्र सिंह एडमिनिस्ट्रेटिव हेड, निशांत शर्मा पीजीटी हेड, सुनील यादव टीजीटी हेड, रीना अरोड़ा प्राइमरी हेड सहित समस्त स्टाफ व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



महेंद्रगढ़। पीटीएम में भाग लेते शिक्षक और अभिभावक। फोटो: हरिभूमि



महेंद्रगढ़। पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान करते स्कूल स्टॉफ सदस्य।

### ओमसाईंराम स्कूल में विजेता हुए सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय मोहल्ला जवाहरनगर स्थित श्री ओमसाईंराम इंटरनेशनल स्कूल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गत अक्टूबर एवं दिसंबर माह में आयोजित ओलंपियाड के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि इस बार ओलंपियाड में हमारे विद्यालय के बच्चों ने 17 गोल्ड मेडल,12 सिल्वर मेडल तथा 18 ब्रॉन्ज मेडल सहित 47 मेडल प्राप्त करके अपना परचम लहराया हैं।

# आरपीएस में 7227 बच्चे स्कॉलरशिप परीक्षा में हुए शामिल

- स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर 150 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि :शुल्क, कक्षा तीसरी से 11वीं तक के बच्चों को मिलेगी स्कॉलरशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी।

आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ में रविवार को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में विद्यार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। विद्यालय में परीक्षा देने आए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। इस परीक्षा में महेंद्रगढ़ जिले के साथ-साथ प्रदेश व दूसरे राज्यों से आए विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के नौनिहालों द्वारा प्रस्तुत किए गए सामूहिक नृत्य ने तो उपस्थित सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालय के बच्चों की उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराया। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यहां आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध करवाना है, जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का सपना पूरा हो और वे देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर सके। ग्रुप के सीईओ मनीष राव ने कहा कि आज आरपीएस ग्रुप अभिभावकों के विश्वास पर पूर्ण रूप से कायम है। इसी का नतीजा है कि आज ग्रुप के बच्चे शिक्षा ही नहीं खेल, आर्ट, कल्चरल, व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं सहित अन्य हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

**स्कॉलरशिप के साथ-साथ 150 बच्चों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षाः** आरपीएस ग्रुप के सीईओ मनीष राव ने बताया कि कोई भी मेधावी विद्यार्थी उचित मंच के अभाव में पीछे ना रहे। इसी सोच के साथ आरपीएस ग्रुप ने यह निर्णय लिया है कि हर वर्ष स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर कक्षा 9वीं व 11वीं तक के 150 बच्चों को हॉस्टल सहित शिक्षा निःशुल्क दी जाए। इसके अलावा कक्षा तीसरी से 11वीं तक बच्चों को विशेष छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

### 39 विद्यार्थियों ने सीए में सफलता हासिल की

प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने स्कॉलरशिप परीक्षा दिलवाने आए सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि इस बार उनके विद्यालय से आईआईटी एडवांस में 125, आईआईटी मेंस में 472, एनडीए में 145, क्लैट में 59, नीट में आरपीएस के 450 बच्चों को गवर्नमेंट कॉलेज मिल चुके हैं। 39 विद्यार्थी इस बार सीए में 39 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। आरपीएस ग्रुप के सराहनीय परीक्षा परिणाम को देखते हुए रविवार को स्कॉलरशिप परीक्षा में 11वीं तक के 7227 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में विशेष मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप दी जाएगी।

# नशे के प्रति लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

- सर्वोदय संगठन ने बवानिया में चलाया नशा मुक्ति अभियान



महेंद्रगढ़। गांव जागरूकता रैली निकालते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गांव बवानिया में सर्वोदय संगठन के सदस्यों ने नशे की प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

ग्रामीणों ने नशा मुक्ति स्लोगनों का गलियों तथा मुख्य रास्तों पर जोरदार स्वर में उच्चारण किया और संदेश दिया की नशा जहां शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। वहां आर्थिक नुकसान भी पहुंचता है। इससे घर में शांति भंग होती है तथा विकास बाधित हो जाता है। संगठन के सदस्यों ने ग्राम पंचायत बवानिया के साथ मिलकर गांव को नशा मुक्त करने का न केवल अभियान चलाया, बल्कि भविष्य में गांव को बिल्कुल नशा मुक्त करने करने का भी संकल्प लिया। संगठन के सदस्यों ने अपने संदेश में बताया कि नशा एक ऐसी लत है, जिससे न केवल घर बर्बाद होता है, बल्कि समाज भी अंदर से खोखला हो जाता है।



महेंद्रगढ़। पीटीएम में भाग लेते अभिभावक व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ में अध्यापक अभिभावक मिलन समारोह आयोजित

- अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर अपने बच्चों के बारे में रिपोर्ट प्राप्त की

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय श्रीकृष्णा स्कूल में रविवार को अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल के चैयरमेन डॉ. बीरसिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ने की। इस बारे में जानकारी देते पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि समारोह में अभिभावकगण को विद्यार्थियों की शिक्षा संबंधी एवं दिसंबर माह तक हुए परीक्षा परिणामों से अवगत करवाया गया तथा अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर अपने बच्चों के बारे में रिपोर्ट प्राप्त की एवं उनके भविष्य को संवारने के लिए अध्यापकों से मिलकर उचित मार्गदर्शक देने पर विचार-विमर्श किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सफलता प्राप्त करने की इकलौती कुंजी है तथा शिक्षा विद्यार्थी को जीवन जीने के लिए नई दिशा प्रदान करती है, शिक्षा विद्यार्थी को न केवल शिक्षित बनाती है बल्कि विद्यार्थी में संस्कृति एवं सभ्यता का ज्ञान भरकर उसे राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करती है। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि विद्यार्थी को शिक्षित करने में जितना योगदान एक गुरु का होता है उतना ही योगदान उनके माता-पिता का होता है। आधुनिक युग को क्रांतिकारी युग कहा गया है।










ANE
एक खूबसूरती, एक ताजगी एक सपना, एक सच्चाई
एक कल्पना, एक एहसास एक आस्था, एक विश्वास
यही हैं एक अच्छे साल की शुरूआत...
2024
CIN: U00000PB2003PTC26066
Head Office: Chandigarh Road, Nawanshahr, Punjab - 144514.
Ph. 01823-506819, Fax- 01823-222489
Admm: 401, Emmar Palm Spring Plaza, Sector-54, Golf Course Road, Gurugram (HRY.)
Site Office: Khasra No. 387, Raghunathpura, Narnaul, Mahendergarh - 123001 (HRY.)


सभी क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष
2024
एवं
मकर संक्रान्ति
की हार्दिक शुभकामनाएं
वासुदेव यादव
पूर्व वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक एवं प्रसिद्ध समाज सेवी
डॉ. कृष्णा आर्या
प्रमुख शिक्षाविद् एवं समाज सेविका


सभी क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष 2024
एवं
मकर संक्रांति
की हार्दिक शुभकामनाएं
माननीय उपमुख्यमंत्री हरियाणा सरकार
श्री दुष्यंत सिंह चौटाला जी
के 4 जनवरी 2024 को अटेली
एवं 5 जनवरी 2024 को नारनौल
आगमन पर
हार्दिक अभिनन्दन
JANNAYAK JANTA PARTY
जननायक जनता पार्टी
कमलेश सैनी
चेयरपर्सन नगर परिषद नारनौल एवं राष्ट्रीय महासचिव
अभिमन्यू राव
प्रदेश उपाध्यक्ष
तेजप्रकाश यादव
प्रदेश महासचिव
डॉ. मनीष शर्मा
जिला अध्यक्ष
सिकन्दर गहली
जिला प्रवक्ता
युद्धवीर पालड़ी
युवा जिला अध्यक्ष
भोजराज यादव
हल्का अध्यक्ष नारनौल
कुलदीप कलवाड़ी
हल्का अध्यक्ष, अटेली
प्रमोद तांखर
जिला अध्यक्ष लिगल सेल
विजय छिलरो
जिला उपाध्यक्ष
एडवोकेट अजय चौधरी
वरिष्ठ नेता
दीपक यादव
युवा हल्का अध्यक्ष, नारनौल